जय जय गिरिबरराज किसोरी । जय महेस मुख चंद चकोरी ।।
जय गजबदन षडानन माता । जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।
मानस गौरी स्तुति । राम कथा 914 - नवसारी,गुजरात । मोरारी बापू

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 252 | इंदौर, गुरुवार 23 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामला: राहुल गांधी दोषी करार, कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा; तुरंत जमानत भी मिली
- Amritpal Singh: पुलिस जिस मर्सिडीज का पीछा करती रही, उसमें नहीं था अमृतपाल, मोगा से पहले ही ले लिया था यू-टर्न
- BJP: दिल्ली-बिहार समेत इन राज्यों में भाजपा ने बदले प्रदेशाध्यक्ष
- Coronavirus: 140 दिन में कोरोना मामलों का नया रिकॉर्ड, सबसे ज्यादा मरीज मिले, तीन की मौत
- UN Report: 2050 तक पानी के संकट से सबसे ज्यादा जूझेगा भारत, PAK-चीन भी मुसीबत में, यूएन की रिपोर्ट में दावा
- Uttarakhand: पूर्णागिरी धाम में बड़ा हादसा, कई लोगों को कुचलता हुआ चला गया वाहन, पांच लोगों की मौत, सात घायल
- शराब पीकर फिर हंगामा: अब इंडिगो फ्लाइट में पैसेंजर्स ने क्रू-सहयात्रियों से की बदसलूकी, गिरफ्तार

# अगले हफ्ते मप्र में भाजपा-आरएसएस की सेंट्रल लीडरशिप

### शाह छिंदवाड़ा, भोपाल आएंगे भागवत, मोदी, नड्डा और राजनाथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । अगले एक हफ्ते बीजेपी की नेशनल लीडरशिप का एमपी में डेरा रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और संघ प्रमुख मोहन भागवत मप्र के दौरे पर आएंगे। राष्ट्रीय नेताओं के दौरों को देखते हुए भाजपा संगठन से लेकर सरकार और प्रशासन सतर्क है।

#### 25 मार्च: कमलनाथ के गढ़ आएंगे शाह

कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आएंगे। शाह 25 मार्च को सभा को संबोधित करने के साथ आंचल कुंड आश्रम में आदिवासी समाज के धर्मगुरुओं से भेंटकर आशीर्वाद भी लेंगे। अमित शाह का यह दौरा मध्यप्रदेश की राजनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा लगातार छिंदवाड़ा का दौरा करने में जुटे हैं। शाह के दौरे को लेकर कमलनाथ का भी बयान सामने आ चुका है। उन्होंने कहा, पिछले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आए थे, लेकिन हम सभी सीट जीते। छिंदवाड़ा में चुनाव बीजेपी और जनता के बीच होता है।

मध्यप्रदेश में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 5 महीने पहले आए थे। उन्होंने भोपाल में MBBS की 3 हिंदी किताबों का विमोचन किया था। शाह ने कहा था- ये क्षण देश में शिक्षा क्षेत्र के पुनर्निर्माण का क्षण है। सबसे पहले मेडिकल की शिक्षा हिंदी में शुरू कर शिवराज सिंह ने मोदी जी की इच्छा पूरी की है।

#### 26 मार्च: भाजपा के प्रदेश कार्यालय का भूमिपूजन

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने मप्र भाजपा के प्रदेश कार्यालय के नए भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करने आएंगे। भूमिपूजन के पश्चात जेपी नड्डा यहां लाल परेड मैदान स्थित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों के अलावा शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी और जिला पदाधिकारी तथा मंडल पदाधिकारी शामिल रहेंगे। भाजपा अध्यक्ष नड्डा शाम को प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेने के बाद दिल्ली रवाना होंगे।

#### एक बूथ का वेरिफिकेशन कर सकते हैं नड्डा

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भोपाल में किसी बूथ पर जाकर भी बैठक कर सकते हैं। बीजेपी ने बूथ को मजबूत करने पर फोकस कर रखा है। भोपाल दौरे के वक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष बूथ पर दिए गए 22 कामों की समीक्षा करेंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भेल दशहरा मैदान पर सिंधी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से सिंधी समाज के करीब एक लाख लोग शामिल होंगे। विदेशों में रह रहे सिंधी समाज के एनआरआई, सिंधी समाज के संत अपनी संगतों के साथ आएंगे। इसके साथ ही सिंधी समाज के आईएएस, आईपीएस अफसर और खिलाड़ी, पद्मश्री से सम्मानित जन भी शामिल होंगे। कार्यक्रम डेढ़ बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत के साथ सीएम शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे।

#### तीन प्रदर्शनियां लगेंगी

इस कार्यक्रम स्थल पर तीन प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। इनमें एक प्रदर्शनी सिंध प्रांत पर आधारित होगी। सिंध प्रांत में जो मुख्य स्थान थे, उनका एक बड़ा नक्शा बनाकर अपने पूर्वजों के निवास वाले शहरों को पहचानने के लिए सिंधी समाज के लोगों के बीच प्रतियोगिता कराई जाएगी। दूसरी प्रदर्शनी सिंधी समाज के संतों के जीवन परिचय से जुड़ी होगी। तीसरी प्रदर्शनी स्वतंत्रता के आंदोलन में योगदान देने वाले सिंधी समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित होगी। कार्यक्रम स्थल पर सिंधी व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।

#### 1 अप्रैल: पीएम और रक्षामंत्री का विजिट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ट्राई सर्विस मिलिट्री एक्सरसाइज में भाग लेने आएंगे। सूत्रों के मुताबिक विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाली इस मीट में तीनों सेनाओं के प्रमुख और अन्य सैन्य अधिकारी शामिल होते हैं। सीएम शिवराज के अनुरोध पर इस मीट का आयोजन भोपाल में होगा। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में यह आयोजन होगा।

#### बड़े तालाब पर नेवी दिखाएगी अपना जौहर

मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अब तक मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार भोपाल में आयोजित होने वाली ट्राई सर्विस मिलिट्री मीट में नेवी को प्राथमिकता दी जाएगी। भोपाल के बडे.तालाब पर नेवी के अफसर और जवान अपने सैन्य कौशल का प्रदर्शन करेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के भोपाल दौरे का अधिकृत प्रोग्राम अब तक फाइनल नहीं हुआ है।

# वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री अभय छजलानी का निधन

### अंतिम संस्कार आज शाम 5:00 बजे पंचकुइया मुक्तिधाम पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री अभय छजलानी का गुरुवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार आज शाम 5:00 बजे पंचकुइया मुक्तिधाम पर होगा। शहर के कई प्रमुख मुद्दों को उन्होंने प्रमुखता से उठाया था। इसके साथ ही वह खेलों से भी जुड़े रहे, खासकर टेबल टेनिस से। लंबे समय तक वह मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष रहे और फिर आजीवन अध्यक्ष पद पर बने रहे। शहर में सबसे पहला इनडोर स्टेडियम, अभय प्रशाल उन्हीं के प्रयासों से बना था।**

छजलानी परिवार को आज ही



एक और आघात लगा। स्वर्गीय विमल छजलानी की पत्नी का भी आज सुबह भोपाल में निधन हो गया। उनका भी अंतिम संस्कार आज शाम 5:00 बजे इंदौर में ही होगा।

अभयजी का जन्म 4 अगस्त 1934 को हुआ था और 1955 में पत्रकारिता से जुड़े थे। उन्होंने पत्रकारिता के विश्व के प्रमुख संस्थान थाम्सन फाउंडेशन, कार्डिफ से स्नातक की डिग्री हासिल की थी। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र से इस प्रशिक्षण के लिए चुने जाने वाले वह पहले पत्रकार रहे। उन्होंने कई शीर्ष पत्रकार तैयार करने में भी मदद की। साथ ही कई सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन किया। वह लंबे अर्से तक नईदुनिया के कार्यकारी संपादक और प्रबंध संपादक भी रहे।

वह भारतीय भाषाई समाचार पत्रों के शीर्ष संगठन इलना के तीन बार अध्यक्ष रह चुके हैं। वह 1988, 1989, 1994 में संगठन के अध्यक्ष रहे। वह इंडियन न्यूज पेपर सोसायटी (आइएनएस) के 2000 में उपाध्यक्ष और 2002 में अध्यक्ष रहे। उनकी पत्नी पुष्पा छजलानी का पिछले साल ही निधन हुआ था। परिवार में पुत्र विनय और पुत्रियां शीला व आभा हैं।

# बदलते मौसम के साथ शहर में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**● महापौर ने ली मौसमी बीमारियों व स्वास्थ्य के संबंध में बैठक**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर व्दारा मौसम परिवर्तन के साथ ही एस 2 एन 3 वेरियंट के कारण शहर में मौसमी बीमारियो के रोकथाम व बचाव के संबंध में निगम व जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक की गई। महापौर ने मौसमी परिवर्तन के साथ ही मच्छरो के बढते प्रकोप तथा एस2 एन3 वेरियंट से किस प्रकार से बचा जा सकता है, इसके रोकथाम के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियो से चर्चा कर जानकारी ली।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शहर में मौसबी बीमारियो के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की महापौर सभाकक्ष में बैठक ली गई। बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ल, जलकार्य प्रभारी श्री अभिषेक शर्मा बबलु, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस सैत्या, डॉ. अखिलेश उपाध्याय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव, श्री सुमित अस्थाना, श्री संदीप पाटोदी, श्री लखन शास्त्री, श्री विवके गंगराडे, श्री गौतम भाटिया, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. तरूण गुप्ता, डॉ. सुनिल गंगराडे, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. अजय गुप्ता व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### घर से निकलने से पहले अनिवार्य रुप से मास्क का उपयोग करे

महापौर श्री भार्गव ने शहरवासियो से अपील की है कि मौसमी बीमारियो के रोकथाम के लिये आवश्य है कि आप सभी शासन द्वारा जारी की गई गाइड लाईन के साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का भी पालन करे, जिन परिवार के सदस्य मौसमी बीमारी व सदी-जुकाम से पीडित है वह घर से निकलने से पहले अनिवार्य रुप से मास्क का उपयोग करे ताकि संक्रमण फैला नही। उन्होने नागरिको से कहा कि भवन व संस्थान की छत व आस-पास के क्षेत्र में भरे वर्षाजल को हटाए, किसी भी तरह से जल जमा ना हो इसका ध्यान रखे। साथ ही शहर में बढते मच्छरो के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुए, निगम स्वास्थ्य विभाग को कुडऑयल व लावार्नाशक दवाई का छिडकाव करने व फांगिग की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये।

## दलित परिवार से मिलने पहुंचे अस्पताल और घर पर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी इन्दौर दौरे के दौरान रेसीडेंसी कोठी पर प्रदेश अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष फूलसिंह कुवाल जी,उपाध्यक्ष सुनील चौधरी जी,रंजीत गौहर जी, रूपेश लोदवाल जी,लखन सूर्यवंशी जी,आशीष सुनहरे जी,अशोक तिलकर जी,मनीष अहिरवार जी, राजेश रामटेके जी सहित प्रदेश एवं शहर के सभी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात की और देपालपुर तहसील के कांकवा गांव में दलित परिवार पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हुए परिवार के 5 सदस्य से मिलने मेडि केयर हॉस्पिटल पहुंचे और घटना में मारे गए मायाराम बागरी के गांव कांकवा पहुंचकर दलित पीड़ित परिवार से मिले और संबंधित अधिकारी को ज्ञापन देकर श्री अहिरवार जी ने परिवार की सुरक्षा और मृतक परिवार को 1करोड़ मुवावजा और घायलों को 50-50 लाख रुपए की सहायता राशि सरकार द्वारा पीड़ित परिवार देने की मांग की गई।

# शहर के पश्चिम क्षेत्र में विकसित हो रहा स्विमिंग पूल

**● विश्राम बाग स्विमिंग पूल का निर्माण जल्द पूरा करने के निर्देश महापौर ने दिए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर ।** रणजीत हनुमान मंदिर के आगे विश्राम बाग की जमीन पर इंटरनेशनल स्विमिंग पूल का निर्माण किया जा रहा है। इसे कवर करते हुए सुरक्षा के लिए टेन्साइल क्लॉथ रूफिंग लगाई जाना है। इसके लिए पिलर खड़े करने का काम शुरू हो गया है।

पश्चिम क्षेत्र स्थित विश्राम बाग की करीब 10 एकड़ जमीन पर निगम 7 करोड़ की लागत से बगीचा डेवलप कर रहा है। रीजनल पार्क की तर्ज पर इस बड़े बगीचे का निर्माण रणजीत हनुमान मंदिर के आगे हुआ है। बाग की जमीन पर इंटरनेशनल स्विमिंग पूल का निर्माण हो रहा है। इस पर टेन्साइल क्लॉथ रूफिंग का कार्य किया जाना है। इसको लेकर पहले से बने आरसीसी कॉलम के ऊपर 22 एमएस पिलर्स लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इन पिलर्स के ऊपर राउण्डट्रस और पर्लिन्स लगा कर टेन्साइल क्लॉथ रूफिंग का कार्य किया जाएगा। इधर, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा का कहना है कि विश्राम बाग के कार्यों की समीक्षा पिछले दिनों महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की थी। इस दौरान उन्होंने काम में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में ही कल टेन्साइल क्लॉथ रूफिंग का कार्य करने के लिए पूर्व से निर्मित आरसीसी कॉलम के ऊपर 22 एमएस पिलर्स लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। अब जल्द ही स्विमिंग पूल को कवर करने के लिए टेन्साइल क्लॉथ रूफिंग की जाएगी ।

## मंत्री सिलावट ने खेतों में पहुंचकर क्षतिग्रस्त फसलों का मुआयना किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले में असमायिक वर्षा और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों का खेतों में पहुंचकर जायजा लिया। श्री सिलावट आज सांवेर क्षेत्र के खेतों में पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से चर्चा की और नुकसानी के संबंध में मुआयना किया। असामयिक बारिश और तेज हवा के कारण ग्रामीण क्षेत्र में कहीं-कहीं फसलों के खेत में गिर जाने से क्षति होना कृषकों द्वारा बताया गया। साथ ही गेंहू की चमक पर प्रभाव पडने से गेहूं का बाजार भाव भी उचित न मिलने की आशंका कृषकों द्वारा व्यक्त की गई। श्री सिलावट ने किसानों को आश्वस्त किया कि संकट की घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। किसानों को पूरी मदद मुहैया कराई जायेगी। श्री सिलावट आज कदवाली बुजुर्ग सहित अनेक गांवों में पहुंचे थे और उन्होंने यहां नुकसानी का मुआयना किया। श्री सिलावट ने फसलों में हुयी नुकसानी का पता करने के लिए तुरंत सर्वे प्रारंभ करने के निर्देश दिये हैं।

## मंत्री सिलावट ने मृतक के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट अपने सांवेर भ्रमण के दौरान ग्राम बिसाखेड़ी भी पहुंचे। यहां उन्होंने पिछले दिनों बिजली गिरने से एक 17 वर्षीय युवक सचिन पिता दिनेश पटेल की हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। श्री सिलावट मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें ढाढ़स बधाया। श्री सिलावट के प्रयासों से मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी मुहैया कराई गई है।

# विभाजन के बाद बचा हुआ भारत हिंदू राष्ट्र ही है

**भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय का बड़ा बयान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिस वजह से भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान एक अलग देश बनाया गया, ऐसे में बचा हुआ भारत तो हिंदू राष्ट्र ही है। उन्होंने युवाओं को नशे से बचाने को लेकर कहा, हम मंदिरों में हनुमान चालीसा क्लब बनवाएंगे। नशा मुक्ति के लिए सकारात्मक पहल करना होगी। विरोध करने की जगह नशे से बड़ी एनर्जी युवाओं को देना होगी।

कैलाश विजयवर्गीय मंगलवार को इंदौर के कार्यक्रम में शामिल हुए। हाल ही में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री समेत कई संत, हिंदू संगठन और भाजपा नेता भी हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की मांग कर चुके हैं। अब कैलाश विजयवर्गीय ने हिंदू राष्ट्र को लेकर बयान दिया है। उन्होंने पंजाब में खालिस्तान मुद्दे को लेकर चल रहे बवाल पर कहा कि पंजाब को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार चिंता से काम कर रही है। अच्छे परिणाम ही आएंगे।

विजयवर्गीय ने कहा कि नशा शहर में एक चिंता का विषय बनता जा रहा है। युवाओं को इससे दूर करने के लिए हम एक प्लान तैयार कर रहे हैं। हम किसी चीज का विरोध नहीं करेंगे, लेकिन ऐसा प्लान तैयार करेंगे, जिससे युवा खुद ही इससे दूर हो जाएं। हालांकि इस प्लान पर कंक्रीट काम नहीं हुआ है, लेकिन आगामी दिनों में इसे मूर्त रूप देंगे। युवाओं को हनुमान चालीसा से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा, इंदौर के सोशल मीडिया एक्टिविस्ट के साथ बैठक की है। हमने उनसे कहा कि आने वाले समय में आप ऐसे मीम्स बनाएं, जिससे प्रभावित होकर युवा हनुमान जी से जुड़ें। मैं खुद भी इस पर लंबा काम करने वाला हूं। युवाओं के साथ महिला समितियों से भी सुझाव लेते रहेंगे।

### हमारा तो नशा ही नहीं उतरता

कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जितना बड़ा नशा हम लोग करते हैं, उतना कोई नहीं करता। हमारा नशा उतरता ही नहीं है। बता दूं कि ये नशा भक्ति का है, काम का है, देश सेवा का है। ये ऐसा नशा है कि एक बार चढ़ जाता है तो उतरता ही नहीं है। हम सकारात्मक काम करना चाहते हैं। हम विरोध में काम नहीं करना चाहते। लोगों को ऐसा नहीं लगे कि ये दकियानूसी है। हम उन्हें भक्ति से जोडना चाहते हैं।

# 7 साल के बालक से अप्राकृतिक कृत्य के आरोपी को 20 साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू में 7 वर्षीय बालक के साथ गलत काम करने वाले आरोपी फ्रांसिस जेम्स पिता एडमिन निवासी कोदरिया को को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई।**

विशेष लोक अभियोजक आनंद नेमा व शासकीय अभिभाषक दिनेश पंचोली ने बताया कि द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र सिंह चौहान ने कोतवाली थाने में 2017 धारा 363 377 भारतीय दंड विधान एवं 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम अंतर्गत आरोपी फ्रांसिस जेम्स के विरुद्ध प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान कर पुलिस अधिकारी द्वारा न्यायालय के समक्ष अंतिम प्रतिवेदन पेश किया था ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत कनकने ने घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि फरियादी ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज की थी उसकी लड़का पीडिता की उम्र 7 वर्ष है जो शाम को दूध लेने के लिए घर से गया था लौट कर नहीं आया जिस पर से पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भा द वि मैं दर्ज किया कि कोई अज्ञात बदमाश बहला-फुसलाकर बालक को अपने साथ ले गया। पुलिस की तत्परता से बालक रेलवे यार्ड के समीप मिला बालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि फ्रांसिस जेम्स नामक व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया था एवं उसके साथ आरोपी ने रेलवे यार्ड के समीप गलत काम किया।

पुलिस ने प्रकरण में धाराओं में बढ़ोतरी कर एवं आरोपी को गिरफ्तार किया एवं पीडित एवं परिजन के धारा 164 द प्रस के न्यायालय में कथन कराएं अपने कथन में पीडित ने आरोपी द्वारा उसके साथ गलत काम किए जाने के कथन पीडित का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। संपूर्ण अनुसंधान पश्चात आरोपी के विरुद्ध माननीय अदालत में विभिन्न धाराएं एवं पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जो प्रकरण विशेष सत्र न्यायालय मैं विशेष प्रकार 29/ 2018 का ट्रायल कोर्ट मैं चला इस दौरान अभियोजन ने 12 साक्षी गणों के कथन न्यायालय में कराएं एवं अभियोजन अपना पक्ष प्रमाणित व सशक्त तरीके से रख सका अभियोजन साक्षी गणों ने घटना का समर्थन किया।

विशेष लोक अभियोजक आनंद नेमा एवं शासकीय अभिभाषक दिनेश पंचोली ने बताया कि न्यायालय में पुलिस अभियोजन की ओर से पीडित एवं उसके परिवार सहित कुल 12 साक्षी गण के कथन कराए गए एवं 13 दस्तावेजों को प्रदर्शित घटना दिनांक को पीडित 18 वर्ष से कम आयु हो कर 7 वर्ष की बालक था आरोपी द्वारा आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया व लैंगिक हमला किया पुलिस अभियोजन की कहानी का समर्थन पीडित उसके परिजन एवं स्वतंत्र साक्षी वह पुलिस एवं अनुसंधान साक्षी ने भी घटना का समर्थन किया । न्यायाधीश राघवेंद्र सिंह ने अपने निर्णय में यह व्यक्त किया कि संपूर्ण विवेचना के आधार पर अभियोजन घटना को प्रमाणित करने में सफल रहा है अभियुक्त फ्रांसिस जेम्स को अदालत द्वारा धारा 363 377 भारतीय दंड विधान मैं क्रम से 5 वर्ष एवं 10 पास्को एक्ट की धारा 6 मैं 20 वर्ष सश्रम कारावास से दंडित किया अतः एवं विभिन्न धाराओं में 60 हजार का अर्थदंड से से दंडित किया।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# शूटिंग वर्ल्ड कप में भारत को दो मेडल

## 10 मीटर एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह को गोल्ड, वरुण तोमर को ब्रॉन्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सरबजोत सिंह ने गोल्ड जीता है। वे पुरुष वर्ग में 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में निशाना साधकर 253.2 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे। वहीं, ब्रॉन्ज मेडल भारत के ही वरुण तोमर ने जीता। वे 250.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अजरबैजान के रुलसान लुनेव 251.9 अंक हासिल कर सिल्वर मेडल के साथ सेकंड पोजिशन पर रहे। सरबजोत ने रुलसान लुनेव को 16-0 से पराजित किया।**

शूटिंग वर्ल्ड कप चैंपियनशिप भोपाल स्थित एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी में चल रही है। इसमें 30 देशों के 300 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में भारत से 37 शूटर हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 20 पुरुष और 17 महिला शामिल हैं।

### सरबजोत बोले- मैं खुद अपने आप का कॉम्पीटर

गोल्ड जीतने वाले सरबजोत सिंह ने बताया कि उन्होंने शूटिंग की शुरुआत स्कूल में समर कैंप से की थी। शूटिंग में कॅरियर बनाने के दौरान कोविड सबसे बड़ी चुनौती थी। 2017 के बाद शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होना शुरू किया। वर्ल्ड कप में मेरा मुकाबला खुद से था।

एमपी स्टेट शूटिंग अकादमी जब पहुंचा, तब दूसरे खिलाड़ी से कॉम्पिटीशन के बारे में नहीं सोचा था। 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग के मुकाबले में दूसरे खिलाड़ियों की अपेक्षा खुद के खेल पर फोकस किया था। सच कहूं तो इस कॉम्पिटीशन में मेरा मुकाबला खुद से ही होना सही था। मैं हमेशा अपना कॉम्पीटर खुद को ही मानता हूं।

### छह गोल्ड जीत चुके हैं सरबजोत

सरबजोत अभी तक वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो गोल्ड जीत चुके हैं। आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में एक गोल्ड, आईएसएसएफ जूनियर कप में एक और एशियन चैंपियनशिप में दो गोल्ड जीत चुके हैं। इसके अलावा, वह आईएसएसएफ जूनियर कप में दो सिल्वर मेडल अभी तक जीत चुके हैं।

### महिला वर्ग में चीन की ली जुई ने जीता स्वर्ण पदक

बुधवार को वुमन्स का 10 मीटर एयर पिस्टल राउंड भी हुआ। महिला वर्ग में चीन की ली जुई ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने रजत पदक हासिल किया। 23 साल की ली जुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। इसके अलावा, आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज व एशियन चैंपियनशिप में दो ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। इस राउंड में भारत से ठाडीगोल्ड सुब्बूराजू दिव्या, सांगवान रिथम, ईशा सिंह, यशविनी सिंह, मानु भाखेर के साथ 25 खिलाड़ी शामिल रहे।

### इन देशों की टीमें हो रहीं शामिल

शूटिंग वर्ल्डकप में भारत समेत जर्मनी, इजरायल, अमेरिका, जापान, ब्राजील, चीन, चेक रिपब्लिक, अजरबैजान, बांग्लादेश, बोस्निया और हर्जेगोविना, डेनमार्क, फ्रांस, ब्रिटेन, हंगरी, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, कोरिया, सऊदी अरब, लिथुआनिया, मालदीव, मैक्सिको, रोमानिया, सिंगापुर, सर्बिया, श्रीलंका, चीनी ताइपी, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, उज्बेकिस्तान की शूटिंग टीम हिस्सा ले रही हैं।

# अधिकारी को पता नहीं चला अकाउंट ऑफिसर लेती रही दो साल तक दो गुना वेतन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** किसी के बैंक खाते में हजार रुपये भी अप्रत्याशित रूप से आ जाएं तो उसके मन में उथल-पुथल शुरू हो जाती है। लेकिन, एक अकाउंट आफीसर के खाते में लगातार दो साल तक दो गुना वेतन जमा होता रहा और उसको पता नहीं चला। इतना ही नहीं उसके अधिकारियों को भी इसका अंदाजा नहीं हो पाया। इस मामले में 40 लाख के आस-पास गड़बड़ी होने का अंदाजा लगाया जा रहा है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत सिहोरा की मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना) शाखा में विक्रम साहू संविदा आधार पर लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत है। इसके खाते में दो साल तक दो गुना वेतन जमा हुआ। इसके अलावा भी इसके खाते में कुछ संदिग्ध लेन-देन हुआ। एक अनुमान के अनुसार करीब 40 लाख की गड़बड़ी की गई है। इसे लेकर जिला स्तर से जांच की जा रही है।

**पांच लाख जमा कराए-** फर्जीवाड़ा पकड़ में आने के बाद संबंधित अकाउंट आफीसर ने खुद को इस गड़बड़ी से अनभिज्ञ बताया, जबकि मनरेगा के मद से जारी की जाने वाली राशि का बिल इसे ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की ओर अग्रेषित करना होता था। विक्रम साहू से पांच लाख रुपये शासन के खाते में वापस जमा कराए जा चुके हैं।

**जनपद प्रशासन की भूमिका संदिग्ध-** इस मामले में जनपद पंचायत सिहोरा की तत्कालीन सीईओ की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। क्योंकि सभी देयकों को उनके ही डिजीटल हस्ताक्षर से स्वीकृति दी जाती थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि उनके सामने दो साल तक बिल प्रस्तुत किए जाते रहे और वो डिजिटली हस्ताक्षरित करके उनको आगे बढ़ाती रहीं।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का पैमाना तय, 70 प्रतिशत किसान हो जाएंगे बाहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 25 मार्च से शुरू होगी। शासन ने किसानों से मानक गुणवत्ता वाले गेहूं की ही खरीदी का ऐलान किया है। विभाग ने कहा है कि फेयर एवरेज क्वालिटी यानी (एफएक्यू) गेहूं की ही समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर खरीदी होगी। किसान संघ ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मौसम की ताजा मार के बाद तो 70 प्रतिशत गेहूं क्वालिटी के इस पैमाने पर खरा नहीं उतरेगा। संघ ने ऐसे में मंडी में बिकने वाले गेहूं पर बोनस देने की मांग रख दी है।

प्रदेश और जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन (खरीद) 25 मार्च से 10 मई तक किया जाएगा। निर्धारित खरीदी केन्द्रों पर किसान अपनी फसल बेच सकेंगे। इसके लिए मंगलवार 21 मार्च से स्लाट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो रही है। खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार इंदौर जिले में गेहूं खरीदी के लिए 97 केंद्र बनाए गए हैं। जिले में इस वर्ष गेहूं बेचने के लिए 34 हजार 200 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारु ने कहा कि गेहूं खरीदी के लिए इंदौर जिले में व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाएगी। जिन किसानों की उपज की तौल किसी कारण से सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जाएगी। शनिवार एवं रविवार को शेष फसल का परिवहन, भण्डारण, लेखा का मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध का अपग्रेडेशन की जाएगी।

किसानों द्वारा फसल विक्रय के लिए 21 मार्च से स्लॉट बुकिंग वेबसाइट www.mpeuparjan.nic.in पर की जा सकेगी। इस लिंक की जानकारी एसएमएस के माध्यम से किसान के मोबाइल पर भेजी जाएगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत, सत्यापित किसान स्वयं के मोबाइल, एमपी ऑनलाइन, सीएससी, ग्राम पंचायत, लोक सेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे तथा उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग कर सकते हैं।

स्लॉट बुकिंग के लिए किसान के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसे पोर्टल पर दर्ज करना होगा। किसानों को उपार्जित फसल का भुगतान आधार लिंक बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### संघ बोला ज्यादातर होंगे बाहर

भारतीय किसान संघ के इंदौर महानगर अध्यक्ष दिलीप मुकाती ने कहा कि एफएक्यू के पैमानों पर खरीद हुई तो 70 प्रतिशत किसानों का गेहूं बाहर हो जाएगा। एफएक्यू गेहूं उसे माना जाता है जिसमें सही रंग-चमक हो, नमी की मात्रा कम हो और मिट्टी-कचरे का अंश भी नाममात्र का हो साथ ही दाने भी भरे हुए हों। ताजा दौर में जो पकी फसल पर बरसात-ओलो की मार पड़ी है उससे गेहूं का रंग और चमक तो फीकी पड़ना तय है। साथ ही ओलावृष्टि से खेतों में बिछ चुके गेहूं की कटाई होगी तो मिट्टी की मात्रा भी ज्यादा आएगी। नमी भी ज्यादा होगी। ऐसे में किसान सरकारी खरीदी में गेहूं नहीं बेच सकेगा।

# MP में फिर गिरेंगे ओले, मार्च में तीसरा सिस्टम एक्टिव

## ● 24 से 26 मार्च तक प्रदेशभर में होगा असर, 40 से 60 किमी प्रतिघंटे स्पीड से चलेगी आंधी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी का दौर फिलहाल जारी रहेगा। हालांकि बुधवार को बारिश और ओलों से थोड़ी राहत रही। भोपाल समेत दूसरे क्षेत्रों में बादल जरूर छाए रहे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई।**

अब 22 मार्च से नया सिस्टम एक्टिव हो गया है, जो 26 मार्च तक बना रहेगा। इससे प्रदेश के कई जिलों में फिर ओले गिरेंगे, तो 40 से 60Km प्रतिघंटे की स्पीड से आंधी चलेगी। मार्च महीने में यह तीसरा सिस्टम है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें, तो मार्च में एक-दो बार ही वेदर डिस्टर्बेंस होता है, लेकिन इस बार 3 बार मौसम बदला है।

तीसरी बार बदले मौसम का असर प्रदेशभर में देखने को मिलेगा। भोपाल, ग्वालियर, दतिया, नर्मदापुरम जिलों के साथ जबलपुर, शहडोल, चंबल संभाग में ओलावृष्टि भी हो सकती है। बाकी जगह हल्की बारिश, आकाशीय बिजली चमकने-गिरने और तेज आंधी चलने के आसार हैं। 25 और 26 मार्च को लगभग प्रदेश में ही मौसम का यह मिजाज रहेगा।

### 24 घंटे में कहां - कितनी बारिश

पिछले 24 घंटे में बैतूल के आठनेर में 0.27 इंच, मुरैना के सबलगढ़ में 0.03, सागर के बुधनी में 0.03, नर्मदापुरम शहर में 0.03, मंडला के मटियारी में 0.70, मेहगांव में 0.64, मंडला शहर में 0.44, बिछिया में 0.33, मवई में 0.29, घुघरी में 0.07, सिवनी के घनसौर में 0.70, धनौरा में 0.01 इंच बरसात हुई। इसी तरह छिंदवाड़ा के परासिया में 0.20, जबलपुर के बरगी में 0.15, डिंडौरी शहर में 0.07, अनूपपुर के पुष्पराजगढ़ में 0.07 इंच पानी गिरा।

### इसलिए बदला मौसम

मौसम वैज्ञानिक नरेंद्र मेश्राम ने बताया कि राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात बना है। वहीं, श्रीलंका से नॉर्थ मध्यप्रदेश की तरफ ट्रफ लाइन आ गई है। हालांकि, यह पिछले दो सिस्टम जितनी स्ट्रॉन्ग तो नहीं है, लेकिन इसका असर प्रदेशभर में रहेगा। वेदर डिस्टर्बेंस का 24 मार्च से ज्यादा असर दिखेगा। इसके पहले मौसम साफ रहने की संभावना है। भोपाल में भी आज यानी गुरुवार को मौसम साफ रह सकता है। कल यानी शुक्रवार से बादल छाएंगे। 25 और 26 मार्च को कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। ओलावृष्टि, तेज आंधी चलने के आसार भी है।

### कब, कहां बिगड़ेगा मौसम

24 मार्च : नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिले में गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गरजने की संभावना रहेगी।

25 मार्च : भोपाल, सीहोर, रायसेन और विदिशा में बादल छाए रहेंगे। वहीं, बिजली गिर भी सकती है। वहीं, चंबल संभाग के साथ ग्वालियर-दतिया जिलों में कहीं-कहीं, शहडोल-जबलपुर संभाग के सभी जिलों में ओले गिर सकते हैं। इस दौरान 40 से 50Km प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

26 मार्च : भोपाल संभाग के जिलों और नर्मदापुरम में ओलावृष्टि के आसार है। आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। रीवा, सागर, चंबल संभाग के साथ ग्वालियर-दतिया में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना। शहडोल-जबलपुर संभाग में ओलावृष्टि के साथ तेज आंधी चलेगी। आंधी की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है।

# कबाड़ के जुगाड़ से बनाई पांच टन वजनी विश्व की सबसे बड़ी 'रुद्र वीणा'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजधानी में स्वच्छता को लेकर नगर निगम के साथ मिलकर काम कर रहे पवन देशपांडे ने कबाड़ की जुगाड़ से देश की सबसे बड़ी 'रुद्र वीणा' बनाई है। इसमें पांच टन स्क्रैप का इस्तेमाल किया गया है। बुधवार को शाम टीटी नगर इलाके में अटल पथ पर प्लेटिनम प्लाजा के पास चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय ने इस रुद्र वीणा का लोकार्पण किया।**

इससे पहले पवन रोशनपुरा चौराहे पर कबाड़ के जुगाड़ से तीन टन वजनी रेडियो, प्रभात चौराहे पर 30 हजार प्लास्टिक की बोतलों से कोरोना वैक्सीन और सिरेंज, बड़े तालाब के पास 1250 किलो वजनी गिटार और भोपाल नगर निगम का लोगो बना चुके हैं। अटलपथ पर लगाई गई रुद्र वीणा उनका पांचवा कबाड़ के जुगाड़ से बनाई कलाकृति है। इसे दस लोगों की टीम ने छह माह में बनाया है। दावा किया जा रहा है कि कबाड़ के जुगाड़ से बनी अपनी तरह की यह विश्व की सबसे बड़ी रुद्र वीणा है। यह 28 फीट लंबी, 12 फीट ऊंची और 10 फीट चौड़ी है। इसे क्रेन की मदद से अटल पथ पर स्थापित किया गया है।

इस रुद्र वीणा को बनाने के लिए चैन, बेरिंग, वायर, चेन स्पाकेट, क्रैंक साफ्ट, क्लच प्लेट, ड्रम व्हील, चार पहिया वाहनों की कमानी समेत अन्य स्क्रैप का इस्तेमाल किया गया है। इसको बनाने में 15 लाख रुपये खर्च आया है। इसके लोकार्पण के दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री और महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता समेत अन्य एमआइसी सदस्य, पार्षद व स्थानीय रहवासी मौजूद रहे।

### 20 लीटर पेंट और 50 लीटर वार्निश का इस्तेमाल

इसमें रंग भरने के लिए 20 लीटर पेंट और 50 लीटर वार्निश का इस्तेमाल किया गया है। जिससे इसे आकर्षक बनाया जा सके। यहां सेल्फी पाइंट भी बनाया गया है। साथ ही इसमें आकर्षक लाइटिंग की गई है। यहां लोगों को बैठकर संगीत सुनने की सुविधा भी रहेगी।

## संपादकीय

# सिकुड़ते वन क्षेत्र और जीव

वन्यजीव खुद ही अपने लिए सहज और प्राकृतिक पर्यावास की ओर रुख करते हैं। लेकिन इस क्रम में उनका सामना इंसानी आबादी से होता है। बचाव की कोशिश में हुए संघर्ष की वजह से नाहक ही जान जाने के हालात पैदा होते हैं। कभी जंगली इलाकों का दायरा बड़ा था और इंसानी बस्तियों की भी सीमा था। तब मनुष्य और पशु, दोनों को अपनी जीवन स्थितियों में एक दूसरे से बहुत बाधा नहीं आती थी। लेकिन बढ़ती आबादी के साथ कृषि भूमि का विस्तार, शहरीकरण और औद्योगीकरण में वृद्धि के मकसद से जंगलों की कटाई की वजह से वनक्षेत्र सिकुड़ते गए। महाराष्ट्र में सोमवार को राज्य के वन मंत्री ने विधानसभा में बताया कि वहां चंद्रपुर जिले में अकेले पिछले साल बाघों और तेंदुओं के हमले में तिरपन लोगों की मौत हो गई। हालांकि इस दौरान अलग-अलग घटनाओं में चौदह बाघों के अलावा भालू और मोर सहित पचास से ज्यादा अन्य वन्यजीव भी मारे गए। जाहिर है, वन्यजीवों और मनुष्य के बीच जीवन की स्थितियों में बदलाव और टकराव के चलते अब ऐसे हालात पैदा होने लगे हैं कि नाहक जान जाने की घटनाओं की निरंतरता बढ़ लगी है। दरअसल, वक्त के साथ बढ़ती आबादी या अन्य वजहों से जंगल के आसपास के गांवों में रिहाइशी इलाकों का विस्तार हुआ है। इससे वन क्षेत्रों का दायरा कम होता गया है और जंगली पशुओं के प्राकृतिक पर्यावास के क्षेत्र सिमटते गए हैं। इसका सीधा असर वन्यजीवों के जीवन पर पड़ता है और उसमें बाघ या तेंदुए जैसे पशुओं के लिए भोजन से लेकर अधिवास तक के मामले में असहज स्थितियां पैदा होती हैं। इसके अलावा, वनों में अवैध शिकार करने वालों की वजह से भी संरक्षित पशुओं के सामने संकट खड़ा होता है। पारिस्थितिकी और जैव विविधता की कसौटियों और अनिवार्यताओं को समझने वाले तमाम लोग यह जानते हैं कि एक ओर जहां मनुष्य का जीवन अनमोल है, वहीं पशुओं और खासतौर पर कुछ विलुप्तप्राय जीवों का संरक्षण प्राकृतिक संतुलन के लिए कितना जरूरी है। लेकिन इस मामले में सरकार से लेकर आम लोगों तक की लापरवाही के अलावा अवैध रुप से जानवरों का शिकार करने वाले गिरोहों की ओर से जंगल और उसके आसपास के इलाकों में ऐसे दबाव पैदा हो रहे हैं कि उसमें रहने वाले कई पशुओं के भीतर असुरक्षा की स्थिति में आक्रामक प्रवृत्ति में बढ़ोतरी हो रही है।

## धर्म-कर्म

# घर में भूलकर भी न लगाएं ये पेंटिंग, धन हानि के साथ हो सकता है मानसिक तनाव



अपना घर हर किसी का सपना होता है। जिसमें परिवार के साथ हंसी खुशी रहा जा सके। वास्तुशास्त्र को ध्यान में रखकर घर का निर्माण करने से उसके प्रत्येक कोने में पॉजिटिव एनर्जी का वास होता है। वास्तु से जुड़े कुछ आसान से टिप्स गई जिनका प्रयोग करके आप अपने घर को शांतिपूर्ण और एक खुशहाल जगह में बदल सकते हैं। आइए जानते हैं नए घर के लिए वास्तु टिप्स-

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दक्षिण पश्चिम दिशा में बच्चों का कमरा बनाना चाहिए। बच्चों को हमेशा दक्षिण या पूर्व दिशा की ओर सिर रखकर सोना चाहिए। ऐसा करने से मन हमेशा शांत रहता है।
- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में एक मेडिटेशन रूम होना चाहिए जिसमें बैठकर व्यक्ति आत्मनिरीक्षण कर उच्च शक्ति से जोड़ने का प्रयास कर सकें। घर का उत्तर-पूर्व कोना मेडिटेशन रूम के लिए सबसे सही रहेगा। ध्यान करते समय अपना मुख पूर्व दिशा की ओर रखें।
- नए घर में प्रवेश करने से पहले हवन करना चाहिए। जिसके साथ ही भगवान गणेश की पूजा करनी चाहिए। निगेटिव एनर्जी को घर से दूर रखने के लिए पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव करना चाहिए।
- घर में भूलकर भी रोते हुए बच्चे, डूबते सूरज, बेडरूम में समुद्र व  बारिश की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। यह सभी चित्र मानसिक तनाव व वित्तीय हानि का कारण बन सकते हैं।
- वास्तु शास्त्र के अनुसार किचन को सफेद रंग से पेंट करना चाहिए। सफेद रंग आशा और पवित्रता को दर्शाता है। यह रंग घर के अंदर पॉजिटिविटी को प्रोत्साहित करता है।
- इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। विस्तृत और अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

# अपना बिजनेस स्टार्ट करने से पहले पहने ये रत्न, करियर और प्रोफेशनल लाइफ में मिलेगी सफलता



खुद का बिजनेस शुरू करना हमेशा से एक जोखिम भरा काम रहा है। बहुत सारे सवाल और डर इसमें समाहित होते हैं जैसे बिजनेस चलेगा या नहीं चलेगा तो कैसा और कब चलेगा। कहीं इसमें लगाई गई पूंजी तो नहीं डूब जाएगी। इससे कितना मुनाफा होगा और कितना नहीं। बिजनेस से जुड़े ऐसे अनेक सवाल है जो एक बिजनेसमैन को हमेशा परेशान करते रहते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में जीवन में आने वाली हर समस्या के लिए कुछ न कुछ उपाय बताएं गए हैं। ज्योतिषी के अनुसार व्यक्ति की कुंडली में यदि गुरु बृहस्पति कमजोर स्थिति में होने पर उसे बिजनेस में नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में ज्योतिषी पुखराज या सुनहला रत्न पहनने की सलाह देते हैं। करियर एयर बिजनेस में सफलता दिलाने में सुनहला रत्न बेहद मददगार साबित होता है। पुखराज रत्न बाजार में महंगे दामों पर मिलता है जिसकी वजह है बहुत से लोग उस रत्न को नहीं खरीद पाते हैं ऐसे लोग पुखराज की जगह सुनहला रत्न पहन सकते हैं। इसे पंचधातु में जड़वा कर पहनना चाहिए।

### इस रत्न को पहनने से होने वाले फायदें

1. प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाती है।
2. नया बिजनेस स्टार्ट करने में मदद होता है।
3. आर्थिक तंगी दूर करने में मदद करता है।
4. नौकरी में प्रोमोशन दिलाता है।
5. इस रत्न को पहनने से निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है।
6. मानसिक तनाव दूर करने में मदद करता है।
7. उच्च शिक्षा ग्रहण करने में मदद करता है।

### कैसे करें धारण-

ज्योषित के अनुसार इस रत्न को गुरुवार के दिन दाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में पहनना लाभदायक होता है। इसे पंचधातु में जड़वाकर पहनना चाहिए। भूलकर भी इसे मोती के साथ नहीं पहनना चाहिए। धनु और मीन राशि के लोगों के लिए यह रत्न बेहद भाग्यशाली होता है।

## Highlights

1. **New pic shows Khalistani leader Amritpal Singh on a motorised cart as he escaped**
2. **Violence unacceptable, will ensure safety of Indian embassy staff: UK on Khalistan protest**
3. **Those on tourist visa, temporary business visa can apply for jobs, give interviews: US**
4. **17-year-old US student on run after shooting 2 staffers at school**
5. **Mallya bought properties worth ₹330cr abroad while his airline faced cash crunch: CBI**
6. **2 drunk flyers abuse crew, create ruckus on Dubai-Mumbai IndiGo flight; arrested**

# Hurun rich list: 41 Indian billionaires 'lost over $1 bn' in 2022; chief researcher explains why

**NEW DEIHI, (Agency).** Over the last year, the wealth of 41 Indian billionaires fell by more than a billion dollars, bringing the total loss to $122.7 billion, according to the M3M Hurun Global Rich List 2023 published Wednesday.

According to the report, the world lost five billionaires every week in 2022, leading to a depletion of around 10 per cent of global wealth to roughly $13.7 trillion. India was placed third, next to China and the United States, whose respective 178 and 123 billionaires lost more than $1 billion year-over-year. For China, the total loss of wealth was $482.2 billion, compared to $603.7 billion for the USA. (ALSO READ: China tops list of 'most billionaires', US next; India third)

Hindustan Times spoke to Anas Rahman Junaid, managing director and chief researcher, Hurun India to understand why India suffered one of the biggest blows.



The state of the world, according to Junaid, has a major impact on the loss of the country's wealth. Interest rate hikes, the US dollar's 12% appreciation against the Indian rupee, the burst of a Covid-driven tech bubble, and the ongoing effects of the Russia-Ukraine war, all had an impact on Indian businesses, he said.

"India is one of the top 3 billionaire producing countries in the world, global headwind impact have naturally trickled down to the country," he added.

The lead researcher further estimated that if the inflation cycle is contained and if war ends, the wealth creation can accelerate to gain lost ground.

"After the series of bank failures such as the SVB, Credit Suisse, etc., we are hoping that the regulators (such as the Fed) will take cognisance that interest rate hikes without a safety net to combat inflation will have serious 'side effects'," he said.

# China tops list of 'most billionaires', US next; India third

**MUMBAI, (Agency).** China has the most number of billionaires, followed by the US, said a report by Hurun India released on Wednesday. In total, China and the US have 53% of billionaires in the world, the report added. India stood at the third spot with 187 billionaires while Germany overtook the UK and ranked fourth with 144 billionaires.

The 'M3M Global Rich List 2023' noted that the "world lost five billionaires every week for last year". The report highlighted the number of billionaires declined for the second time in ten years, adding that the number now stands at 3,112 worldwide, down by 269.



Who is the richest Indian now?

The report underscored that Indians are climbing the ranks on the Hurun Global Rich List at the fastest pace in India's modern history, with Gautam Adani and his family gaining more than 437 ranks over the last decade, reported Live Mint. Mukesh Ambani has bagged the 'richest Indian' title after overtaking embattled billionaire Gautam Adani whose fortunes plummeted following a damaging report by US short seller Hindenburg Research. Ambani, who is Asia's richest person, is also the only Indian to enter the top 10 of the list.

## Maharashtra

# राज ठाकरे का दावा: समुद्र तट पर बन रही 'अवैध दरगाह', MNS की चेतावनी- इसे हटाएं..वरना हम भी गणपति मंदिर बनाएंगे



**मुंबई, (एजेंसी) महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को गुड़ी पड़वा के मौके पर अपने संबोधन के दौरान एक क्लिप चलाई और दावा किया कि मुंबई के माहिम तट पर एक अवैध दरगाह का निर्माण किया गया है। ठाकरे ने पूछा कि यह किसकी दरगाह है? क्या यह किसी मछली की है? कुछ साल पहले ऐसा नहीं था। ठाकरे ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अवैध निर्माण को तुरंत ध्वस्त नहीं किया गया, तो हम उसी स्थान पर एक विशाल गणपति मंदिर बनाएंगे।**

बाद में मनसे के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी एक वीडियो साझा किया गया जिसमें कहा गया, राज साहब (राज ठाकरे) ने आज एक महत्वपूर्ण बात उठाई..देखिए क्या होता है जब सरकार या प्रशासन नजरअंदाज करता है...यहां समुद्र में माहिम के मकदूम बाबा की दरगाह के पास अवैध निर्माण किया जा रहा है। दो साल पहले यहां कुछ भी नहीं था। यहां एक नए हाजी अली तैयार किए जा रहे हैं। यह दिनदहाड़े हो रहा है, फिर भी पुलिस, नगरपालिका को इसकी भनक तक न लगी? इसमें आगे कहा गया है कि राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई पुलिस कमिश्नर से अनुरोध किया है कि इसे देखने के बाद तत्काल कार्रवाई करें, इस अवैध निर्माण को ध्वस्त करें। अन्यथा हम वहां एक बड़ा गणपति मंदिर बनाएंगे। अब जो होगा वह होगा।

ठाकरे ने कहा, मैं देश के संविधान का पालन करने वाले मुसलमानों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप इसकी निंदा करते हैं? मैं बल नहीं दिखाना चाहता, लेकिन जब जरूरत होगी, तो मुझे ऐसा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि माहिम में मखदुम बाबा की दरगाह के 'अवैध दरगाह' पास है।

## Bihar

# दवा का नाम, दारू का काम; शराबबंदी वाले बिहार में हो रही थी सप्लाई

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** दवाइयों के लेवल लगे 50 लीटर के ड्रम में शराब की बोतल भरकर बिहार सप्लाई करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 1900 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की हैं। बोतलों को करीब 23 छोटे-बड़े ड्रम में भरा गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान संजीव, राकेश और आदर्श के रूप में हुई है। ये लक्कड़पुर स्थित शिव दुर्गा विहार के रहने वाले हैं। इनको सेक्टर 58 से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले राकेश और आदर्श को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने पूछताछ में बताया कि उनके साथ संजीव नामक एक ड्राइवर काम करता है। उसके पास अपनी गाड़ी है। वह बिहार जाने के लिए गाड़ी को ऐप के जरिए बुक कराता है। वह बिहार में दवाइयों की डिलवरी के लिए अपनी गाड़ी बुक कराता था। राकेश और आदर्श ने बताया कि उन्होंने उसकी गाड़ी को बिहार के लिए बुक किया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर तलाशी शुरू की।

## Rajasthan

# भाई से मारपीट कर बहन का अपहरण, पांच थानों की पुलिस ने 40 किलोमीटर पीछा कर पीड़िता को बचाया, 3 गिरफ्तार

**बाड़मेर, (एजेंसी)** बाड़मेर, चौहटन कस्बे में मंगलवार शाम युवक के साथ मारपीट कर उसकी बहन को अगवा करने की घटना में पांच थानों की पुलिस और डीएसटी टीम ने त्वरित कार्रवाई कर 40 किलोमीटर पीछा कर 10 घंटे के अंदर अपहृत युवती को छुड़ा लिया है। पुलिस ने मुख्य अपहरणकर्ता सांग सिंह (23) निवासी दुधवा खुर्द थाना चौहटन और उसके दो सहयोगियों धर्म सिंह (30) निवासी चौहटन आगोर तथा गोमाराम भील (35) निवासी खारिया राठौड़ान को गिरफ्तार किया है। बाड़मेर एसपी आनंद ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 7:00 बजे सूचना मिली कि चौहटन कस्बे में एक लड़के के साथ मारपीट कर उसके साथ आई लड़की को कुछ लोग गाड़ी में अपहरण कर ले गए हैं। सूचना पर एसएचओ भूटाराम तुरंत मौके पर पहुंचे। जहां घायल पुष्पेंद्र सिंह निवासी जोधपुर ने बताया कि उसकी बहन को सांग सिंह और दुर्जन सिंह कैंपर गाड़ी में ले गए हैं। पुष्पेंद्र सिंह को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी होते ही मुलजिम और अपहर्ता की तलाश शुरू की गई।

## New Delhi

# दिल्ली लाकर कम उम्र की लड़कियों से कराया जा रहा देह व्यापार, नेपाल में बढ़ी चिंता!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नेपाल की रहने वाली 16 साल की उमा तमांग (बदला हुआ नाम) कुछ महीने पहले तक अपने शहर पोखरा में एक कैफे में काम कर रही थी. इसी दौरान फेसबुक के जरिए आयुष आर्यन नाम के एक शख्स से उमा की दोस्ती हो गई. आयुष ने जब ये जाना कि उमा को पैसे की जरूरत है तो उसे भारत में अच्छी नौकरी की पेशकश की. आयुष ने उमा से कहा कि वो उसे एक ब्यूटी पार्लर में नौकरी दिलाएगा जिससे उसे हर महीने 30 हजार रुपये मिलेंगे. आयुष की बातों में आकर उमा भारत आ गई और सेक्स वर्क के दलदल में फंस गई.



उमा ने बताया कि उन्हें लगा अच्छी नौकरी मिलने से उनके परिवार की स्थिति सुधर जाएगी इसलिए वो भारत चली आईं. काठमांडू पोस्ट से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं उत्साहित थी. मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और मैं इसी कारण अपनी 10वीं की पढ़ाई भी पूरी नहीं कर पाई थी. इसलिए जब उसने मुझे दिल्ली में नौकरी देने की पेशकश की, तो मैंने उस पर भरोसा किया. उसने कहा कि वो हर महीने मुझे तीस हजार रुपये दिलाएगा.' आयुष के बताए अनुसार, उमा पोखरा से काठमांडू गई जहां उसकी मुलाकात एक महिला से हुई जो उसे दिल्ली ले जाने वाली थी.

## खेल

# 'जिस विकेट पर खेलकर बड़े हुए, वहां तो अच्छा खेलना था', रोहित ने भारतीय बल्लेबाजों की लगाई क्लास

**चेन्नई, (एजेंसी) भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में 21 रन से हार मिली। इस हार के साथ ही टीम इंडिया ने वनडे सीरीज भी 2-1 से गंवा दी। हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा काफी गुस्से में नजर आए। पोस्ट मैच शो में उन्होंने बल्लेबाजों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने हार का कारण बल्लेबाजों की नासमझी को बताया है। टीम इंडिया की हार ने इस साल भारत में ही होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**




रोहित ने मैच के बाद कहा- मुझे नहीं लगता कि 269 रन बहुत ज्यादा रन थे। दूसरे सेशन में विकेट कुछ ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया था। हमने खराब बल्लेबाजी की। हम इस तरह के विकेट पर खेल कर बड़े हुए हैं, फिर भी बल्लेबाज इस तरह से आउट हुए। बल्लेबाजों को जरूरत थी कि जो उन्होंने बचपन से सीखा, उस पर अमल करें। अच्छी शुरुआत के बाद, एक बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण था कि वह खेल को अंत तक ले जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमने जनवरी से नौ वनडे खेले हैं, लेकिन इसमें कई सकारात्मक पक्ष भी मिले हैं। हमें यह समझने की जरूरत है कि हमें कहां सुधार करने की आवश्यकता है। यह सामूहिक विफलता है और हम इस सीरीज से काफी कुछ सीख सकते हैं। आस्ट्रेलियाई टीम को जीत का श्रेय देना चाहिए। उनके दोनों स्पिनरों ने और तेज गेंदबाजों ने भी दबाव बनाया।

वहीं, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा- यह शानदार दौरा रहा। हमने दिल्ली टेस्ट के बाद से जबरदस्त संघर्ष किया। निचले क्रम ने शानदार बल्लेबाजी की और हमें 270 तक ले गए, वरना हम एक समय 220 तक पहुंचते नहीं दिख रहे थे। यह एक शानदार दौरा रहा है। हमने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेली, लेकिन जीत हासिल कर सके। यह विकेट पूरी तरह से अलग था। हमारे स्पिनरों ने बेहतरीन गेंदबाजी की, वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

26 घरेलू सीरीज क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में जीतने के बाद टीम इंडिया को यह पहली हार मिली है। तीनों वनडे मिलाकर 194 रन बनाने वाले मिचेल मार्श मैन ऑफ द सीरीज बने। वहीं एडम जैम्पा को तीसरे वनडे में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया का पिछले चार वर्षों से वनडे क्रिकेट में घरेलू वर्चस्व तोड़ दिया। तीसरे और निर्णायक वनडे में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को पांच गेंद शेष रहते 21 रन से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। यह भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने कुल आठवीं और भारतीय धरती पर छठी वनडे सीरीज जीती है।

भारत अंतिम बार 2019 में ऑस्ट्रेलिया से ही अपनी धरती पर अंतिम वनडे सीरीज हारा था। इस जीत ने मेहमानों को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 से मिली हार का दर्द जरूर कम किया होगा। ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत उसने 49 ओवर में 269 रन बनाए। जवाब में एडम जैम्पा (4/45) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारतीय टीम 49.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई।

## सिनेमा

# दृश्यम 2 के बाद फिर धमाका करने को तैयार अजय देवगन, इतने करोड़ हुई 'भोला' की एडवांस बुकिंग

साल 2023 बॉलीवुड के लिए नई उम्मीद की तरह है। ये साल बीते 2-3 सालों के मुकाबले हिंदी सिनेमा के लिए बेहतर साबित हो रहा है। शाहरुख खान की पठान के बाद रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म तू झूठी मैं मक्कार ने भी अच्छा कलेक्शन किया। वहीं अब अजय देवगन और तबु की फिल्म भोला से भी दर्शकों और ट्रेड एनालिस्ट्स को काफी उम्मीदे हैं। फिल्म भोला की एडवांस बुकिंग का रिकॉर्ड अच्छा देखने को मिल रहा है, जिससे लग रहा है कि दृश्यम 2 के बाद अजय एक और हिट के लिए तैयार हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म भोला के अभी तक 50 हजार से ज्यादा टिकिट बुक हो चुके हैं। sacnilk की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने करीब एक करोड़ रुपये की कमाई सिर्फ एडवांस बुकिंग से ही कर ली है और ये तेजी से जारी भी है। बता दें कि भोला जो बात ज्यादा खास बनाती है, वो ये है कि ये फिल्म 2डी के साथ ही साथ 3डी में भी रिलीज होगी। दर्शक इस फिल्म का आईमैक्स में भी मजा ले सकते हैं। हालांकि इसकी फीस नॉर्मल टिकिट से ज्यादा रहेगी।



बता दें कि भोला, 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भोला का निर्देशन खुद अजय देवगन ने किया है। फिल्म में अजय और तबु के साथ ही साथ अमाला पॉल, संजय मिश्रा, मकरंद देशपांडे, दीपक डोबरियाल और श्रीधर दुबे भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। याद दिला दें कि भोला, तमिल फिल्म 'कैथी' का हिंदी रीमेक है। लोकेश नागराज के निर्देशन में बनी कैथी में एक्टर कार्ति ने दमदार रोल निभाया था।

# कोर्ट में तीन दिन काम नहीं करेंगे वकील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कोर्ट में वकील तीन दिन कार्य नहीं करेंगे। इंदौर अभिभाषक संघ इन्दौर के अध्यक्ष गोपाल कचोलिया और सचिव घनश्याम गुप्ता ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर के निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश के सभी अभिभाषक न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे।**



मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा जिला न्यायालयों में 25 चिन्हित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण की जो योजना लागू की गई थी उसका हर स्तर पर अधिवक्ता संघों एवं मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर द्वारा विरोध दर्ज कराया गया और अभिभाषकों और पक्षकारों को आ रही कठिनाइयों से माननीय उच्च न्यायालय को अवगत कराया जाता रहा है। लगातार उक्त योजना को वापस लिया जाकर पुराने यूनिट सिस्टम को लागू करने का अनुरोध किया जाता रहा है, लेकिन माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से आश्वासन देने के बावजूद भी कोई भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई है। बुधवार को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर की साधारण सभा ने तीन दिन तक मध्यप्रदेश के समस्त अभिभाषकों से कलम बंद कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है और 26 मार्च को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर की साधारण सभा में आगामी रणनीति तय की जाएगी।

इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के गोपाल कचोलिया, मनोहर सिंह पंडितिया, घनश्याम गुप्ता, सन्दीप शर्मा, रत्नेश पाल, श्रवण मिश्रा, भावना कुरील, सौरभ वर्मा, अतुल त्रिवेदी, सविता तिवारी, सौरभ डीघे ने सभी अभिभाषकों से अनुरोध किया है कि अभिभाषकों और पक्षकारों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए परिषद द्वारा कार्य से विरत रहने के आह्वान को सफल बनाए।

# निवेश के नाम पर दिया दोगुने लाभ का झांसा देकर लाखों हड़पे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 24 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों निवेश कर दोगुना लाभ का झांसा देकर 24 लाख रुपए ऐंठ लिए थे।**

पुलिस के अनुसार सिरसा हरियाणा निवासी धर्मपाल सिंह पिता बहादुर सिंह ने क्राइम ब्रांच थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि भुवनेश्वर निवासी भोपाल और प्रमिल निगम निवासी भोपाल ने उसे शेयर बाजार में निवेश करने पर दोगुना राशि दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी की। क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 409 420 और 120 बी का केस दर्ज किया है। फरियादी धर्मपाल सिंह के मुताबिक दोनों आरोपियों ने उससे फोन पर संपर्क किया और बताया कि गोल्डन वूल रिसर्च कंपनी के कर्मचारी हैं और उनकी कंपनी सेबी में पंजीकृत होकर शेयर मार्केट में निवेश सलाहकार के रूप में कार्यरत है। दोनों आरोपियों ने फरियादी धर्मपाल सिंह को विश्वास दिलाया कि अगर तुमने निवेश किया तो तुम्हें अच्छा लाभ दिलवाया जाएगा। फरियादी धर्मपाल सिंह दोनों के झांसे में आ गया और वर्ष 20 20 से 20-22 तक 24 लाख रुपए दोनों आरोपियों के एचडीएफसी बैंक शाखा नौलखा के खाते में डाल दिए मगर दोनों आरोपियों ने उसे कोई लाभ नहीं दिलाया और ना ही पैसे लौटाए।

# बैंक अधिकारी बनकर ऑनलाइन ठगी, पुलिस वापस कराए साढ़े तीन लाख रुपए

इंदौर। क्राइम ब्रांच फ्राड इन्वेस्टिगेशन टीम ने गत दिनों 6 पीडितों के इनवेस्टिगेशन टीमों द्वारा ठगे गए साढ़े तीन लाख रुपए वापस कराए। एसीपी गुरू प्रसाद पाराशर के अनुसार कई आवेदकों के द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड संबंधित शिकायत की गई थी। इनवेस्टिगेशन टीम द्वारा आवेदकों से संपूर्ण जानकारी लेकर जांच की जिसमे ज्ञात हुआ कि आवेदक जेतम निवासी इंदौर को कॉल कर ठग ने स्वयं को क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट अधिकारी बताया और कार्ड अपडेट करने के नाम से एनिडेस्क ऐप डाउनलोड करवाकर खाते की डिटेल्स प्राप्त कर 59,000/- ठग लिए थे, जो वापस कराए। इसी प्रकार मिथिलेश निवासी इंदौर से क्रेडिट कार्ड वेरिफिकेशन के नाम से 59,000/- रुपए आहरित करके ठगी की गई। वहीं हरिओम को एसबीआई बैंक का अधिकारी बताकर बैंक केवायसी करने करने के नाम से खाते की जानकारी ली और 63 हजार का चूना लगा दिया। इसी प्रकार अंशु नामक फरियादी से क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर 90 हजार ठग लिए। मनीष से भी क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम से 19,843/- रुपए की ठगी की गई। एक अन्य फरियादी विकास को ठग ने पेटीएम का अधिकारी बताकर केवायसी अपडेट करने के नाम से लिंक भेजी और खाते से 60 हजार रुपए आहरित कर लिए। सभी फरियादियों से मिली जानकारी के आधार पर इनवेस्टिगेटिंग टीम द्वारा संबंधित बैंकों से चर्चा कर राशि का आहरण रोक वापस खाते में जमा कराई गई।

## जिला न्यायालय इन्दौर में ई-कोर्ट फीस काउंटर शुरू

**इंदौर।** अभिभाषक संघ के अध्यक्ष गोपाल कचोलिया ने बताया कि जिला न्यायालय परिसर में वकीलों और पक्षकारों की सुविधा के लिए ई-कोर्ट फीस काउंटर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन द्वारा प्रारम्भ करवाया गया। इस काउंटर पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। गौरतलब है कि एमपी ऑनलाईन के कियोस्क सेन्टर पर संचालकों द्वारा न्यायालयों द्वारा निर्धारित शुल्क, दण्ड, जुर्माना आदि की धनराशि सम्बन्धित खाते में जमा करने के लिए मनमाना शुल्क वसूल किया जाता है, जिससे वकीलों और पक्षकारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

# चोरी के आरोपी गिरफ्त में आईफोन, गहने व सिक्के बरामद

**इन्दौर। बाणगंगा पुलिस अरविंदो अस्पताल परिसर में बने फ्लेटों में चोरी करने वलो दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी का माल जब्त किया है।**

पुलिस के अनुसार गत 20 मार्च को फरियादिया कल्पना पिल्लई निवासी गुलाबी बिल्डिंग फ्लैट न. 04 अरविन्दो अस्पताल कैम्पस ने रिपोर्ट किया कि वह 18 मार्च को घर से बाहर गई, 20 मार्च को लौटी तो फ्लेट की खिड़की टूटी हुई थी, जिसमें से घुसा अज्ञात बदमाश घर में से आईफोन, चार्जर, सोने का नेकलेस, चांदी की पायजेब, 20 हजार नकदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी राजेन्द्र सोनी ने टीम गठित कर विवेचना में लगाया।

## सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटैज चेक किये, जिसमें दिनांक 18 एवं 19 मार्च रात करीब 1.30 बजे दो संदिग्ध लडके बिल्डिंग मे प्रवेश करते दिखे। रिकार्डिंग एवं फुटेज के आधार पर जब पूछताछ की गई तो दोनों लड़को की पहचान अमन हिंगे और विशाल बारिया के रूप में हुई। वहीं जानकारी मिली कि दोनो कुछ दिनों से बहुत पैसे खर्च कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने अमन हिंगे एवं विशाल बारिया दोनों निवासी भौरासला को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल करते हुए चोरी किया हुआ एमआई कम्पनी का पावर बैंक, आईफोन मोबाईल, गहने एवं सिक्के बरामद करवाए। बदमाशों को रिमाण्ड लेकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# वकील पर हमले की जांच शुरू

## पकड़ाए आरोपी ने साथियों के नाम नहीं बताए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सदर बाजार पुलिस एडवोकेट मनीष गड़कर पर हुए हमले के मामले में आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी जुनैद हमला करने वाले अपने दो और साथियों के नाम पुलिस को नहीं बता रहा है। मनीष गड़कर पर सोमवार को तीन युवकों ने मिलकर हमला किया था। तीनों क्लाइंट बनकर आए थे। टीआई मंजू यादव के मुताबिक पकड़े गए एक आरोपी जुनैद ने अफसरों के सामने कबूला है कि वह अकेले ही मनीष गड़कर से मिलने गया था। उसने अभी तक अपने दो साथियों के नाम नहीं बताए हैं। लेकिन पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। गड़कर ने कहा कि हमला करने के तीन दिन पहले से हमला करने वाले दिन यानी 20 मार्च तक आरोपी जुनैद ने मुझसे पांच से छह बार बात की। जुनैद का कहना था कि वह अपने भाई की जमानत कराना चाहता है, इसलिए उससे मिलना है। जुनैद ने एक अन्य वकील का रिफरेंस भी दिया, लेकिन मैं यह समझ नहीं पा रहा था कि जुनैद के भाई इमरान का केस वह वकील क्यों नहीं लडना चाहता। जब मैने उसे बात करने के लिए बुलाया था तब वह पहली बार मेरे सामने आया। इसी दौरान उसने मुझ पर हमला कर दिया।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।